26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 22 फरवरी, 2026

अंक- 120 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# ट्रंप का फिर 'मूड स्विंग'..

## ग्लोबल टैरिफ 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया

**वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कब क्या फैसला ले लेंगे शायद उनको भी नहीं पता। अगर कहें कि ट्रंप के फैसले उनके 'मूड स्विंग' से प्रभावित होते हैं, तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इसका ताजा उदाहरण है ग्लोबल टैरिफ को लेकर उनका ऐलान। ट्रम्प ने यह जानकरी अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर दी।

उन्होंने लिखा, मैं अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में उन देशों पर 10 फीसदी के विश्वव्यापी टैरिफ को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 15 प्रतिशत के स्तर पर ले जा रहा हूं, जो दशकों से अमेरिका को लूट रहे हैं। यह स्तर पूरी तरह से कानूनी रूप से जांचा परखा है। उन्होंने यह घोषणा अमेरिका के उच्चतम न्यायालय द्वारा 'आपातकालीन टैरिफ' को असंवैधानिक घोषित करने के ठीक एक दिन किया। श्री ट्रम्प ने न्यायालय के निर्णय पर तंज कसते हुए इसे 'हास्यास्पद, खराब तरीके से लिखे गए और असाधारण रूप से अमेरिका-विरोधी' बताया।

# दिल्ली से मेरठ अब सिर्फ 55 मिनट में

## पीएम मोदी ने किया 'नमो भारत रैपिड रेल' के फुल स्ट्रेच का उद्घाटन

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के फुल स्ट्रेच और मेरठ मेट्रो का उद्घाटन किया। अब दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक पूरे 82 किलोमीटर के रूट पर 'नमो भारत रैपिड रेल' की सर्विस शुरू हो गई है। यह भारत की सबसे तेज सेमी हाई-स्पीड रीजनल रैपिड ट्रेन है। इसके साथ ही भारत की सबसे तेज मेट्रो ट्रेन सेवा भी मेरठ में आम लोगों के लिए शुरू हो गई है। नमो भारत रैपिड रेल के संचालन में महिला सशक्तिकरण पर भी खास जोर दिया गया है। इस सेवा में करीब 80 प्रतिशत ड्राइवर स्टाफ महिलाएं होंगी। दिल्ली से मेरठ के बीच अब यात्रा का समय 55 मिनट रह जाएगा। दिल्ली के सराय काले खां स्टेशन पर मल्टी-इंटीग्रेटेड ट्रांजिट सिस्टम विकसित किया गया है। यहां स्मार्ट टिकटिंग वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं और QR कोड आधारित टिकट की सुविधा दी गई है।



भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर छह प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं, ताकि आगे चलकर दिल्ली से अलवर और दिल्ली से करनाल रैपिड रेल को भी यहां से जोड़ा जा सके। नमो भारत रैपिड रेल में बुलेट ट्रेन जैसी आधुनिक झलक देखने को मिलेगी। ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने में सक्षम है और इसका ड्राइवर कंसोल पूरी तरह डिजिटल है। इसमें प्रीमियम कोच की सुविधा भी दी गई है, जहां मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग पॉइंट मौजूद हैं। धूप से बचाव के लिए ब्लाइंड पर्दों की व्यवस्था की गई है।

नमो भारत रैपिड रेल में महिलाओं के लिए विशेष कोच बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए कोच में सामान रखने की पर्याप्त जगह, खड़े यात्रियों के लिए अतिरिक्त स्पेस, पानी की बोतल रखने की व्यवस्था, मैगजीन होल्डर और पैरों को आराम देने के लिए फुट-रेस्ट भी दिए गए हैं। यह सेवा दिल्ली-एनसीआर में आधुनिक और तेज परिवहन की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।




# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, 16 मौतें

**सभी एक परिवार के, पाक बोला- टीटीपी के 7 कैंपों को निशाना बनाया**

**इस्लामाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** पाकिस्तान की सेना ने आज तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था। पाकिस्तान ने कहा, 'हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए।' अफगानिस्तानी मीडिया के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। अब तक सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई, इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

**होटल में स्टाफ की आवश्यकता**

**1. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी**

वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)

योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

**2. वेटर/बेल ब्वॉय**

**वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)**

योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

**होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747**

# घर के बाहर खड़े किशोर को उठा ले गया बाघ

## कार्बेट टाइगर रिजर्व की परतापुर रेंज के सुदंरनगर गांव में हुई हृदय विदारक घटना

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शनिवार की रात्रि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की पतरामपुर रेंज अंतर्गत ग्राम सुंदर नगर (भोगपुर डाम) में एक हृदय विदारक घटना में बाघ के हमले से 16 वर्षीय किशोर की मृत्यु हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल है।



मृतक का फाइल फोटो।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुंदर नगर निवासी शैलेंद्र सिंह का 16 वर्षीय पुत्र अमरीक सिंह शनिवार रात अपने घर के बाहर खड़ा था। बताया जा रहा है कि उनका आवास जंगल से सटा हुआ है। इसी दौरान अचानक बाघ ने उस पर हमला कर उसे जंगल की ओर घसीट लिया। परिजनों और ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ मौके से भाग गया। वन विभाग को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से खोजबीन अभियान चलाया गया। कुछ समय पश्चात जंगल क्षेत्र में किशोर का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया, गांव में मातम छा गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने आबादी क्षेत्र के आसपास गश्त बढ़ाने, बाघ की निगरानी के लिए पिंजरा लगाने तथा सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाने की मांग की है। वन विभाग ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

पतरामपुर वन क्षेत्राधिकारी महेश सिंह बिष्ट ने बताया कि विभाग द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। शासन की ओर से निर्धारित 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता में से 30 प्रतिशत राशि सोमवार को परिजनों को प्रदान की जाएगी।

# लोकतंत्र सेनानी पवन रस्तौगी का निधन

## राजकीय सम्मान के साथ हुई अंतिम विदाई



सीओ पुलिस गार्द के साथ पहुंचे सलामी देने



**स्योहारा ( चिंगारी )।** लोकतंत्र सेनानी पवन रस्तौगी का बीमारी के कारण निधन हो गया। उनकी आयु 70 वर्ष थी। शुक्रवार को मेरठ के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार मुरादाबाद रोड स्थित शमशान घाट पर किया गया। बिजनौर से आयी पुलिस गार्द व पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे द्वारा सलामी दी गयी। उनकी अंतिम यात्रा में विधायक पुत्र प्रियंकर राणा, नायब तहसीलदार विजय कुमार, इस्पेक्टर दिनेश कुमार, शहर इंचार्ज संजय त्यागी, विभाग कार्यवाह मुकेश कुमार, देशबंधु, संजय जैन, डॉ. राजबहादुर शर्मा, डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. यज्ञदत्त गौड़, मुकेश रस्तौगी, पीयूष रस्तौगी, संजीव गर्ग, हैरी गुर्जर, सुरेंद्र अरोड़ा, राहुल मिगलानी, विनोद रस्तौगी आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज में ज्योतिष पीठ शंकराचार्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का कोर्ट का आदेश



**प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज की एक विशेष अदालत ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) विनोद कुमार चौरसिया ने पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिवत विवेचना करने के निर्देश दिये हैं। अदालत के आदेश के बाद झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह अर्जी शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत दाखिल की गई थी। आरोप है कि संबंधित आश्रम में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ। आवेदक ने अदालत में कथित साक्ष्य के रूप में सीडी भी प्रस्तुत करने का दावा किया है। गौरतलब है कि 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे। अदालत ने पुलिस रिपोर्ट को भी संज्ञान में लिया था और सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के लिए समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक मतदेय स्थल पर प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे। सभी बीएलओ के पास 6 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा पर्याप्त संख्या में सभी प्रकार के फार्म यथा 6, 7 एवं 8 उपलब्ध रहेंगे। विशेष अभियान में प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था होगी, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता प्रदान की जाएगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को अभियान तिथि की जानकारी देते हुए उनसे सहयोग प्राप्त किया जाएगा।




# वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है भारत- योगी



**नोएडा (एजेंसी/चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत समग्र विकास के नये प्रतिमान स्थापित करते हुए वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के जेवर में 3700 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना 'इंडिया चिप' का शिलान्यास प्रधानमंत्री के कर-कमलों से होना प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा मिला, जिससे राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बना। वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में सरकार बनने के बाद 'फियरलेस बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' का मजबूत इकोसिस्टम स्थापित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत इमर्जिंग टेक्नोलॉजी का वैश्विक हब बन रहा है। 'सेमीकॉन इंडिया 2025' में प्रधानमंत्री द्वारा कही गई पंक्ति ऑयल वॉज ब्लैक गोल्ड, बट चिप इज डिजिटल डायमंड आज की अर्थव्यवस्था की दिशा स्पष्ट करती है। उनके अनुसार 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था चिप आधारित तकनीक पर निर्भर है और भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एचसीएल टेक्नलाजीस और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम, जिसके अंतर्गत पहली डिस्प्ले ड्राइवर सेमीकंडक्टर ओसैट यूनिट स्थापित हो रही है।

## चुनाव आयोग बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले केंद्रीय बलों की तैनाती शुरू करेगा

**कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही चुनाव आयोग राज्य में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती शुरू कर देगा। गृह मंत्रालय से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह तैनाती दो चरणों में होगी। शुरुआत में राज्य में कुल 480 कंपनियां तैनात की जायेंगी। पहले चरण में एक मार्च तक 240 कंपनियों को तैनात किया जायेगा। इनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 110 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 55 कंपनियां, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 27 कंपनियां, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 27 कंपनियां और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की 21 कंपनियां शामिल हैं।



# मानकों के अनुरूप किया जाये जनशिकायतों का निस्तारण : डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर शनिवार को तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनशिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अतिसंवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। तहसील दिवस की समाप्ति के बाद जिलाधिकारी ने तहसील धामपुर कार्यालय का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया, जहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं तथा सफाई व्यवस्था भी सही मिली। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी व सीओ सिटी, तहसीलदार सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वसीक अहमद पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद, बिजनौर
मौ. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

वसीक अहमद
पूर्व सभासद
चौथा रोजा : रविवार, 22 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:15, शिया 6:25
पांचवां रोजा : सोमवार, 23 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:24, शिया-5:17

# विवेक विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स लीग का समापन

## बिन्द्रा हाउस ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता



**बिजनौर (चिंगारी)।** विश्वविद्यालय की वार्षिक खेल प्रतियोगिता विवेक स्पोर्ट्स लीग 2026 का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। शतरंज प्रतियोगिता में दीपांशुराज प्रथम एवं सुधांशु द्वितीय स्थान पर रहे। शतरंज बालिका वर्ग में ईशा को पहला, जबकि मेहविश को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक एकल वर्ग में मोहम्मद फैज को प्रथम तथा दिव्यम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका एकल वर्ग में हनी गौतम ने पहला और तनिषा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन डबल में मनु भाकर हाउस ने प्रथम तथा सिंधु हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में मिल्खा हाउस पहले और सिंधु हाउस दूसरे स्थान पर रहा। कबड्डी में रोमांचक फाइनल में बिन्द्रा हाउस ने सिंधु हाउस को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वॉलीबॉल फाइनल मैच में मिल्खा हाउस विजयी रहा, जबकि उपविजेता ध्यानचंद हाउस रहा। खो-खो का फाइनल मैच मिल्खा हाउस और मनु भास्कर हाउस के बीच खेला गया, जिसमें मिल्खा हाउस विजयी रहा। रस्सा खींच प्रतियोगिता ने सभी का ध्यानाकर्षण किया। एक बहुत ही कड़े मुकाबले में मनु भास्कर हाउस की बालिकाओं ने ध्यानचंद हाउस की बालिकाओं को शिकस्त दी। बालक वर्ग में भी मुन भाकर हाउस बिजयी रहा

# प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को दिये साइबर अपराधों से निपटने के टिप्स



**बिजनौर (चिंगारी)।** पुलिस लाइन में प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों के लिए साइबर अपराधों की रोकथाम और तकनीकी अनुसंधान से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। एसपी अभिषेक झा ने बदलते डिजिटल दौर में पुलिस की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की। एसपी अभिषेक झा ने आरक्षियों को बताया कि वर्तमान समय में अपराध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया अपराध और डिजिटल माध्यमों से होने वाले अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में पुलिसकर्मियों का तकनीकी रूप से दक्ष होना बेहद जरूरी है। एसपी ने कहा कि किसी भी मामले में मजबूत और साक्ष्य आधारित विवेचना ही न्याय दिलाने का आधार होती है। इसलिए पुलिसकर्मियों को तकनीकी जानकारी के साथ-साथ विवेचना की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी भी साइबर अपराध की जांच में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल डेटा, सीसीटीवी फुटेज और ऑनलाइन रिकॉर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन साक्ष्यों को सुरक्षित रखना और सही तरीके से एकत्र करना जांच की सफलता के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में आरक्षियों को यह भी बताया गया कि अपराधी अक्सर डिजिटल माध्यमों से अपने निशान छोड़ जाते हैं। इन इलेक्ट्रॉनिक ट्रेल्स की पहचान करना, उनका विश्लेषण करना और उन्हें कानूनी प्रक्रिया में उपयोग करना आधुनिक पुलिसिंग का अहम हिस्सा बन चुका है।

# अवैध रूप से आधार कार्ड बनाने व संशोधन करने पर नगीना व हल्दौर में दो जनसेवा केन्द्रों के विरुद्ध कार्यवाही

## मशीनें व अभिलेख जब्त

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगीना एवं हल्दौर में अवैध रूप से आधार कार्ड बनाए जाने तथा संशोधन कार्य किए जाने की शिकायत प्राप्त होने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नगीना में नायब तहसीलदार नगीना तथा हल्दौर में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एवं नायब तहसीलदार सदर द्वारा संयुक्त रूप से जांच कराई गई। जांच में शिकायत दुरुस्त पाए जाने पर तत्काल मशीन एवं अभिलेखों को जब्त कर अतिरिक्त जांच के लिए यूआईडी के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि तहसील नगीना गेट के पास अवैध रूप से संचालित जनसेवा केंद्र में ऑनलाइन आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। उक्त प्रकरण की जांच नायब तहसीलदार द्वारा कराए जाने पर शिकायत सही पाई गई, जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए नायब तहसीलदार नगीना द्वारा मशीन तथा वहां मौजूद सामग्री को जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दूसरे प्रकरण में हल्दौर स्थित पेट्रोल पंप के पास जनसेवा केंद्र पर अवैध रूप से आधार नामांकन एवं संशोधन कार्य करने की शिकायत प्राप्त होने पर उसकी जांच जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, नायब तहसीलदार सदर तथा डिस्ट्रिक मैनेजर सीएससी द्वारा संयुक्त रूप से कराई गई। जांच के दौरान संज्ञान में आया कि बिना अनुमति के आधार कार्ड नामांकन एवं संशोधन का कार्य किया जा रहा है तथा जांच के दौरान यह भी पाया गया कि नामांकन संशोधन कार्य के लिए प्रति व्यक्ति 300 से 500 तक वसूल किये जा रहे हैं।



AADHAAR

उन्होंने बताया कि उनके निर्देशों के क्रम में उक्त जनसेवा केंद्रों को संचालित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है तथा जनसेवा केंद्र पर जब्त किये गये अभिलेखों को अतिरिक्त जांच के लिए यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है।

# देश में धार्मिक आज़ादी ख़तरे में : चन्द्रशेखर



**बिजनौर (चिंगारी)।** आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि देश की स्थिति पहले जैसी नहीं रही। पीड़ित और परेशान लोगों की मदद अब जाति, बिरादरी और धर्म के आधार पर की जा रही है।

उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे मुख्यमंत्री खुले मंच से कहते हैं कि वे 80 प्रतिशत लोगों के लिए काम करते हैं, 20 प्रतिशत से उन्हें कोई मतलब नहीं, मुख्यमंत्री के इस बयान पर न्यायालय भी संज्ञान नहीं लेता। चंद्रशेखर आज़ाद ने भाजपा के 'सबका साथ, सबका विकास' नारे को खोखला बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार में गरीबों का भी काम नहीं हो रहा। देश में धार्मिक आज़ादी पर भी संकट है। रमज़ान के दौरान इफ्तार और सहरी के समय सायरन नहीं बजाने दिया जा रहा। गत दिनों रविदास जयंती के अवसर पर जनपद में अनेक स्थानों पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी गई।

उन्होंने कहा कि देश की आज़ादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों ने ऐसे भारत की कल्पना नहीं की थी। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि यह सरकार जनविरोधी है। खास तौर से दलित, मुस्लिम, ओबीसी और गरीबों से तो इसे विशेष चिढ़ है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि अब हर नागरिक को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। संघर्ष के लिए आज़ाद समाज पार्टी से बेहतर कोई प्लेटफार्म नहीं।

इंडिया गठबंधन पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि यदि यह गठबंधन वास्तव में मजबूत होता तो भाजपा सत्ता से बाहर हो जाती। उन्होंने कहा कि आज़ाद समाज पार्टी का दरवाज़ा भाजपा को छोड़कर सभी के लिए खुला है।

## शेरबाज़ पठान का स्वागत किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** कांग्रेस छोड़कर आज़ाद समाज पार्टी में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष शेरबाज़ पठान का सिंचाई विभाग के डाक बंगले में पार्टी मुखिया चंद्रशेखर आज़ाद ने स्वागत किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि शेरबाज़ पठान पर बहुत अत्याचार हुए, इसके बावजूद उन्होंने अपने संघर्षशील स्वभाव और



मजबूत किरदार के बल पर नगर पालिका का चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि शेरबाज़ पठान जैसे संघर्षशील नेता के पार्टी में आने से संगठन को मजबूती मिलेगी और दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक तथा वंचित वर्गों की आवाज़ को और ताकत मिलेगी। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद



**विवेक सेन**

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

चौथा रोजा : रविवार, 22 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:15, शिया 6:25
पांचवां रोजा : सोमवार, 23 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:24, शिया-5:17

**DHARA MOTOR FINANCE LTD.**
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.


## शराब व सट्टे के धंधे के ख़िलाफ़ ज्ञापन दिया

**बिजनौर (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम दारानगर गंज के ग्रामीणों व दुकानदारों ने गांव में चल रहे शराब व सट्टे के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है, जिससे आएदिन हंगामा व विवाद की स्थिति बनी रहती है। इससे ग्रामीणों व दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गांव में सट्टे का कारोबार भी खुलेआम चल रहा है, जिससे युवाओं में गलत आदतें बढ़ रही हैं और कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि अवैध कारोबार के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है और कानून का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस चौकी पर तैनात कर्मियों की भूमिका की जांच कराई जाए तथा शराब व सट्टे के अवैध कारोबार को तत्काल बंद कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।


Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट





फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

# हिंदी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का श्रेय सिनेमा व जनसंचार मीडिया को : अरुण देव


सेमिनार के समापन सत्र में मंचासीन अतिथि व विद्यालय स्टाफ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में आईसीएसएसआर दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के मौके पर कल द्वितीय (अंतिम) दिवस आयोजित विभिन्न सत्र में वक्ताओं ने हिंदी की वैश्विक स्तर पर महत्ता पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर अरुण देव ने कहा कि हिंदी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का श्रेय सिनेमा व जनसंचार मीडिया को जाता है। सिनेमा का संवाद प्रभावी होता है, जबकि व्यावहारिक भाषा सामान्य होती है।

संगोष्ठी में डॉक्टर शशि भूषण मिश्रा ने कहा कि तकनीकी स्तर पर हिंदी भाषा सीखने का प्रचलन युवाओं में काफी बढ़ गया है। यद्यपि भारत में हिंदी भाषा को तकनीक के साथ जोड़ने के लिए काफी

## एसबीडी कॉलेज में अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

प्रयास किया जा रहा हैं लेकिन स्थानीय भाषा अभी इस क्षेत्र में पीछे है। प्रोफेसर मधुकर उपाध्याय ने स्त्री विमर्श एवं हिंदी विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अवधि की पंक्तियों के माध्यम से स्त्री व्यथा का वर्णन किया।

प्रोफेसर मनु प्रताप ने कहा कि हिंदी की प्रगति का सबसे बड़ा कारण इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी है। श्रीलंका से पधारे डॉक्टर ब्रेसिल नागाड वितान ने बताया कि उनके देश श्रीलंका में भारतीय मनोरंजन, मीडिया, धारावाहिक, संगीत इत्यादि के माध्यमों द्वारा हिंदी भाषा को सीखा जा रहा है। इससे पूर्व समापन सत्र का शुभारंभ डॉक्टर दीपक पांडे, डॉक्टर मनोज कुमार ,डॉक्टर नूतन पांडे के द्वारा किया गया। डॉक्टर पूनम पांडे ने कहा कि हिंदी कबीर, तुलसी, मीरा की भाषा है। वह शोषण नहीं करती।

संगोष्ठी में डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि हिंदी हर क्षेत्र में रोजमर्रा के कार्य में बहुत उपयोगी है। अंत में संगोष्ठी की समीक्षा और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या प्रोफेसर पूनम चौहान द्वारा किया गया। सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती रेनू गोयल, प्राचार्या प्रोफेसर पूनम चौहान ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट करके किया। केंद्रीय हिंदी सहायक निर्देशक डॉ. दीपक पांडे ने एसबीडी महिला महाविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को सफल आयोजन बताते हुए वैश्विक परिदृश्य में देश में हिंदी के इतिहास का वर्णन करते हुए उनके योगदान को प्रभावपूर्ण बताया।

## राखी-उपासना मातृभाषा रत्न उपाधि से हुई सम्मानित



**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक-उपासना कौशिक हंगामा ट्वीएन्स को शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन काठमांडू नेपाल द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर मातृभाषा रत्न मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। राखी उपासना कौशिक द्वारा समय समय पर साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, प्रतिभाशाली बच्चों, महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। उनके द्वारा ई - पत्रिका भी निकाली जाती है। राखी-उपासना की अनेको पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं उनके द्वारा समय-समय पर नि:शुल्क साझा संकलन भी प्रकाशित किये जाते हैं। ये दोनों बहनें समय-समय पर आकाशवाणी नजीबाबाद पर भी अपनी प्रस्तुति देती रहती है।

## स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के अन्तर्गत वार्ड 6 में चलाया गया सफाई अभियान


भगत सिंह चौक पर सफाई करते हुए कर्मचारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के अंतर्गत दिनांक 17 से 28 फरवरी के मध्य स्वच्छता गतिविधियों को प्रोत्साहित एवं व्यापक जन भागीदारी तथा स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के अंतर्गत आज 21 फरवरी शनिवार को नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा नगर क्षेत्र धामपुर के वार्ड नंबर 6 नई सराय में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। नगर क्षेत्र, धामपुर के मुख्य चौराहा भगत सिंह चौक पर भी विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा नगर क्षेत्र धामपुर के लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को सारथी क्लब के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय की सफाई की गई तथा छात्राओं को स्वच्छता का संदेश देते हुए गीले और सुख कचरे के प्रबंधन की जानकारी दी गई।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद
मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट

चौथा रोजा : रविवार 22 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:15, शिया 6:25
पांचवां रोज़ा : सोमवार, 23 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:24 शिया 5:17




सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा

रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
चौथा रोजा : रविवार 22 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:15, शिया 6:25
पांचवां रोज़ा : सोमवार, 23 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:24 शिया 5:17


## तहसील से एसडीएम कोर्ट तक सड़क ठीक कराने की मांग

### अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन


जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को ज्ञापन देते हुए अधिवक्ता।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर तहसील परिसर से एसडीएम कोर्ट धामपुर तक लगभग 150 मीटर लंबी सड़क की खराब स्थिति को लेकर अधिवक्ताओं ने शानिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि इसी मार्ग से आला पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों और आम जनता का आवागमन होता है, फिर भी सड़क की मरम्मत न होना चिंता का विषय है। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने अधिवक्ताओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देने और जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वाले में एडवोकेट कुणाल गांधी, एडवोकेट ,शाहिद मंसूरी (उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन धामपुर), एडवोकेट हिरेंद्र कुमार, एडवोकेट तालिब खान, एडवोकेट शाहरुख मलिक, एडवोकेट अर्चना, एडवोकेट शादान सईद (संयुक्त सचिव बार एसोसिएशन धामपुर), एडवोकेट हरिओम सिंह, एडवोकेट काजिम खान, एडवोकेट राजवीर सिंह, आशु एडवोकेट, दिलशाद एडवोकेट, एडवोकेट आमिर अंसारी, नरोत्तम सिंह एडवोकेट, मोहम्मद परवेज आदि शामिल रहे।

# ट्रेड डील पर बर्बाद हो जाएगा भारत का किसान : राकेश टिकैत

## सैदपुर में भाकियू की तीन जिलों की महापंचायत का आयोजन

**नूरपुर ( चिंगारी )।** ग्राम सैदपुर में तीन जिलों की किसान महापंचायत में भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका से की गई ट्रेड डील को किसान विरोधी बताते हुए सरकार पर देश को जाति व धर्म में बांटकर एक-दूसरे के बीच नफ़रत पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने किसान हित में संघर्ष करने के लिये संगठन को मजबूत करने, नशे से दूर रहने तथा एक बच्चा ही पैदा करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में अमेरिका से जो ट्रेड डील की है, उसका फाइनल ड्राफ्ट मार्च में आ जायेगा। किसान बर्बाद होंगे। इसके लिये संगठन मजबूत करके आंदोलन चलाने पड़ेंगे। संगठन के लिये काम करोगे तो जिन्दा रहोगे। सन् 2027 के बाद देश के हालात देख लेना। सरकार का टारगेट किसान की जमीन लेकर उसे किसानी से हटाना है। साप्ताहिक बाजार भी बन्द होंगे, जगह-जगह बड़े व्यापारियों के मॉल खुल रहे हैं। दिल्ली की कलम बईमान है। उन्होंने किसानों से नशे से, रगड़े-झगड़े से दूर रहने, सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने को कहा। उन्होंने कहा कि आजकल हिन्दू-मुसलमान, ओबीसी, यूजीसी का गेम चल रहा है। हिन्दू-सिखों में भेदभाव पैदा किया जा रहा है। एक-दूसरे के बीच नफ़रत पैदा की जा रही है। सरकार ने जनसंख्या पर कोई काम नहीं किया। जनसंख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, जबकि न हॉस्पिटल हैं, न स्कूल हैं, न रोजगार है, पीने का पानी नहीं है। एक बच्चा पैदा करो तो हालात में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि संगठन इसलिए कमजोर हो रहा है कि पदाधिकारी ट्रैक्टर की जगह एसी गाड़ी में चलने लगे। सभा में, मीटिंग में अकेले आ जाते हैं। आगामी महापंचायत में बीस किमी. तक का कोई भी पदाधिकारी गाड़ी से न आकर ट्रैक्टर-ट्राली से आये। एक पदाधिकारी 25 कार्यकर्ताओं को जोड़े। गांव में होने वाली घटनाओं को सोशल मीडिया पर डालो। अंत में उन्होंने 21 मार्च से 25 मार्च तक सिसोली में होने वाले ट्रेनिंग कार्यक्रम में हर पदाधिकारी से अपने साथ 25 किसान लेकर पहुंचने को कहा। महापंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी दानवीर सिंह, बाबूराम तोमर, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला अध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान, अमरोहा जिला अध्यक्ष डा. चंद्रपाल सिंह, रामपुर जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह, सुरेंद्र सिंह, सरदार अवतार सिंह, मनप्रीत सिंह सिंधु, चंद्रपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, निर्देश चौधरी, गायत्री देवी, सीता देवी आदि ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता महेंद्र सिंह ने तथा संचालन देवराज सिंह, जीतेन्द्र सिंह ने किया।




### महापंचायत में जुटे उम्मीद से कम किसान

तीन जिलों की महापंचायत में उम्मीद से कम किसान पहुंचे। महापंचायत का मैदान दो बजे तक भी नहीं भर पाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष को 11 बजे पहुंचना था। भीड़ न जुट पाने की स्थिति में वे 2:30 बजे पहुंचे। कम भीड़ को देख राष्ट्रीय अध्यक्ष को कई बार संगठन की मजबूती के बारे में कहना पड़ा तथा आगामी महापंचायत में किसी भी पदाधिकारी के गाड़ी से न आकर ट्रैक्टर-ट्राली में अपने साथ 25 किसानों को साथ लाने को कहा।

## डीपीएस बिजनौर में हुआ परीक्षा की तैयारी पर कार्यशाला का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में कक्षा तीन से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए समय प्रबंधन, तनाव नियंत्रण एवं परीक्षा की तैयारी विषय पर एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। आगामी वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस विशेष सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से मुक्त करना, उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा उन्हें बेहतर एवं व्यवस्थित तैयारी के लिए प्रेरित करना था।

कार्यशाला का संचालन नई दिल्ली की प्रसिद्ध क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट पूजा यादव ने किया। अपने व्यापक अनुभव और सरल शैली के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सही योजना, नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच के द्वारा परीक्षा के तनाव को आत्मविश्वास में बदला जा सकता है। उन्होंने समय के सदुपयोग, लक्ष्य निर्धारण, प्राथमिकताओं के संतुलन तथा कठिन परिस्थितियों में शांत और संयमित रहने की व्यावहारिक तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रधानाचार्या पायल कपूर ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की मार्गदर्शी कार्यशालाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

चौथा रोजा : रविवार, 22 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:15, शिया 6:25
पांचवां रोजा : सोमवार, 23 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:24, शिया-5:17

## चारा काट रही महिला को खेत में खींचकर दुष्कर्म किया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** एक महिला ने खेत से चारा काटने के दौरान खेत स्वामी पर गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बीएनएस तथा एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। नांगल थाना क्षेत्र के एक ग्राम की निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पति मनाली में रहकर मजदूरी करता है। 19 फरवरी को अपराह्न लगभग 4 बजे वह अपनी गाय के लिये विक्की पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम चंदोक के खेत से चारा काट रही थी, तभी अचानक विक्की आ गया और उसे जबदस्ती गन्ने के खेत में ले गया। महिला के अनुसार विक्की ने उससे कहा कि तूने मेरे खेत से बरसीम काटा है। तुम चोर हो मैं तुम्हारी पुलिस में रिपोर्ट करूंगा। महिला का कहना है कि यह कहकर विक्की ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। शनिवार को देर शाम महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने विक्की पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम चंदोक थाना नांगल के विरुद्ध बीएनएस की धारा 64 (1) व 351 (2) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम की धारा 3 (2), 5 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### एन्यूटी प्राप्त करने के लिए आवेदन करें

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रभारी अधिकारी (सीलिंग) ने जनपद बिजनौर की धार्मिक संस्थाओं को सूचित करते हुए बताया कि एन्यूटी भुगतान के लिए पात्र जनपद की समस्त धार्मिक संस्थाएं जो जनपद के एन्यूटी रजिस्टर में दर्ज हों और राजस्व परिषद से डीबीटी प्रणाली के अन्तर्गत एन्यूटी प्राप्त करना चाहती हैं। 2 सप्ताह के भीतर अपने दावे एवं अद्यतन विवरण जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकती हैं।

## हर क्षेत्र में मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है आज की स्त्री : डा. मीरा अग्रवाल

### वर्धमान कॉलेज में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज, बिजनौर के हिन्दी विभाग द्वारा गठित साहित्य चेतना परिषद ने स्त्री विमर्श दशा और दिशा विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया। इस व्याख्यान में अतिथि व्याख्याता के रूप में डॉ. मीरा अग्रवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर, कांस्टीट्यूएंट गवर्नमेंट कॉलेज, फ़तेहुल्लागंज, ठाकुरद्वारा, शामिल हुईं। डॉ. रीना प्रताप सिंह द्वारा अतिथियों व विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। डॉ. मीरा अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में स्त्रियों के जीवन की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए स्त्रियों की वर्तमान स्थिति को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार आज की स्त्री जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि स्त्रियां ही समाज की वह ताक़त हैं, जिन्होंने सम्पूर्ण संतति को संस्कार सहित आगे बढ़या है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रो. शशिप्रभा ने स्त्री जीवन की विभिन्न कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए उन्हें प्रेरित किया। साथ ही कहा कि आज स्त्रियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उदाहरण स्वरूप उन्होंने बताया कि हमारी विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, हमारे महाविद्यालय की प्राचार्या आदि सभी स्त्रियां हैं। इससे आप अनुमान लगा सकती हैं कि स्त्रियां किसी भी मायने में पीछे नहीं हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रीना प्रताप सिंह द्वारा किया गया।



# प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल से मारपीट

## बीजेपी विधायक के समर्थकों पर आरोप



**देहरादून ( चिंगारी )।** राजधानी देहरादून स्थित प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब भाजपा विधायक उमेश शर्मा काऊ पर निदेशक अजय कुमार नौडियाल के साथ मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे। इस पूरे घटनाक्रम के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें निदेशक के कक्ष में तीखी बहस, धक्का-मुक्की और कुर्सियां फेंके जाने जैसी तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद मामला और भी गरमा गया है।

विवाद की जड़ एक सरकारी स्कूल का नाम बदलने को लेकर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, भाजपा विधायक उमेश शर्मा काऊ अपने समर्थकों के साथ प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय पहुंचे थे। उनका कहना था कि संबंधित विद्यालय का नाम बदला जाए, इस संबंध में उन्होंने निदेशक से बात की। हालांकि, निदेशक ने स्पष्ट कर दिया कि किसी भी सरकारी स्कूल का नाम परिवर्तन शासन स्तर पर तय होता है और यह निर्णय उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि विधायक और उनके साथ पहुंचे कुछ कार्यकर्ताओं ने निदेशक पर दबाव बनाने की कोशिश की। बहस इतनी बढ़ गई कि मामला धक्का-मुक्की और कथित मारपीट तक पहुंच गया। सामने आए वीडियो में कई लोग निदेशक के कक्ष में मौजूद दिखाई दे रहे हैं और हंगामे के दौरान कुर्सी फेंके जाने जैसी घटनाएं भी कैद हुई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और निदेशालय परिसर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की और दोनों पक्षों से बातचीत कर हालात शांत करने का प्रयास किया। हालांकि इस बीच शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों में गहरा आक्रोश फैल गया। शिक्षकों का आरोप है कि एक संवैधानिक पद पर बैठे विधायक द्वारा इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका कहना है कि यदि किसी मुद्दे पर असहमति थी तो उसे शासन स्तर पर उठाया जाना चाहिए था, न कि निदेशालय में पहुंचकर दबाव बनाया जाना चाहिए। शिक्षकों ने विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसी मांग को लेकर बड़ी संख्या में शिक्षक सड़क पर उतर आए। उन्होंने निदेशालय के बाहर धरना शुरू कर दिया और कुछ समय के लिए सड़क जाम भी कर दी थी। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# उत्तराखण्ड में अपात्रों की पेंशन होगी बंद

## सीएम धामी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को दी मंजूरी



**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी पेंशन के साथ ही वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन का लाभ ले रहे पेंशनर्स का सत्यापन कर विधिक कार्रवाई किए जाने को मंजूरी दे दी है। सीएम धामी ने हर स्तर पर उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश दिये हैं। दरअसल, प्रदेश में कुछ समय पहले ही कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां एक सरकारी विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी दो-दो पेंशन का लाभ ले रहे हैं। मामला तब सामने आया था, जब महालेखाकार (लेखा परीक्षा) ने प्रदेश के पेंशन धारकों में रिटायर्ड कर्मचारियों के रिकॉर्ड खंगाले थे। इसमें देखा गया था कि 1300 से अधिक ऐसे कर्मचारी हैं, जो कि समाज कल्याण विभाग से भी पेंशन का लाभ ले रहे हैं। इसके बाद महालेखाकार ने चीफ सेक्रेटरी और फाइनेंस सेक्रेटरी को इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने के लिए पत्र भेजा था। पहली बार दोहरी पेंशन लेने संबंधित मामला सामने आया था, जिसके चलते समाज कल्याण विभाग कि ओर से मामले की गंभीरता को देखते एक्शन लिया गया। मामला सामने आने के बाद समाज कल्याण विभाग के निदेशक की ओर से जांच के आदेश दिये गये थे। जिसके बाद ही प्रदेश के सभी जिलों में जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद सामने आया है कि 1377 पेंशनर्स ऐसे हैं, जो दो-दो पेंशन का लाभ ले रहे हैं। यानी की एक तरफ तो उन्हें अपने विभाग से रिटायरमेंट की पेंशन मिल रही है, वहीं दूसरी तरफ ऐसे रिटायर्ड कर्मचारी समाज कल्याण विभाग की योजनाओं जैसे वृद्धावस्था और विधवा जैसी पेंशन का लाभ भी ले रहे हैं। ऐसे में मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएम धामी ने भी सख्ती दिखाई है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके कड़े निर्देश दिये गये हैं।

# NDPS केसों की समीक्षा, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर के निर्देश

## नशा तस्करी के गैंगस्टरों की संपत्ति जब्त की जाए

**देहरादून ( चिंगारी )।** एनडीपीएस के लंबित मामलों को समय से निस्तारण करने के लिए एडीजी कानून व्यवस्था ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी जनपद के पुलिस प्रभारियों और एसटीएफ को निर्देश दिये हैं। वाणिज्यिक मात्रा के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए ड्रग नेटवर्क तोड़ने के निर्देश दिये गए हैं। साथ ही नशा तस्करी पर कड़ा रुख अपनाते हुए गैंगस्टर एक्ट सहित संपत्ति जब्ती तक की कार्रवाई की जाए। अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था ने एक साल से अधिक समय से लंबित वाणिज्यिक मात्रा संबंधी मुकदमों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। गढ़वाल परिक्षेत्र के जनपदों के कुल 33 और कुमाऊ परिक्षेत्र के 44 वाणिज्यिक मात्रा से संबंधित लंबित मामलों के मुकदमों की समीक्षा करते हुए साक्ष्यों के आधार पर गैंगस्टर एक्ट, पिट एनडीपीएस एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए धारा 68 के अन्तर्गत संपत्ति अधिग्रहण की कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये।



खुल गया! खुल गया!


**श्री लाइट**

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।


पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans



**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476





# छत्रपति शिवाजी महाराज एवं गुरु गोलवलकर की जयंती मनाई गई



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में छत्रपति शिवाजी महाराज एवं माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की जयन्ती मनायी गयी। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। प्रधानाचार्य एवं आचार्य बन्धु-बहिनों ने शिवाजी महाराज एवं गोलवलकर के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया। आचार्य गोपेन्द्र सिंह ने भैया-बहिनों को गोलवलकर एवं शिवाजी महाराज के जीवन से तथा आचार्य घनश्याम सिंह ने शिवाजी महाराज एवं गोलवलकर के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों से भैया-बहिनों को अवगत कराया। आचार्य संजय सिंह ने भैया-बहिनों को बताया कि माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर एवं छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत माता को समर्पित किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने भैया-बहिनों को गोलवलकर एवं शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आचार्य पंकज शर्मा, आत्मस्वरूप शर्मा, संजय शर्मा, नीरज कुमार, अनन्त कुमार, गौरव कुमार, विवेक प्रताप, सोनू कुमार, संजीव कुमार, सचिन कुमार, रजनी टांक, फूलमाला, पूनम कुमारी, मनु एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

**चिंगारी : विचार**

# 3 घंटे तो परीक्षार्थी के ही होते हैं उसे प्रवेश मिलना चाहिए



**-सत्यराज**

बड़ा दुखद समाचार पढ़ने को मिला की एक छात्रा ने जिसे कुछ देर हो जाने के कारण स्कूल में प्रवेश नहीं दिया गया और वह परीक्षा देने से वंचित कर दी गई, उसी दिन उस लड़की ने आत्महत्या कर ली।

साथियों अब हमें रुककर यह सोचना पड़ेगा कि यदि स्कूल में उस बच्ची को प्रवेश दे दिया जाता तो उसकी जान बच जाती। अगर 3 घंटे का समय बच्चों को देते हैं प्रश्न पत्र हल करने के लिए, यदि उसमें से 10-15 मिनट कम भी हो गए, तो कम से कम वह बच्ची अपना प्रश्न-पत्र हल कर लेती। मान लीजिए 10 प्रश्नों का उत्तर देना था तो 8-9 प्रश्नों का ही उत्तर दे देती, क्या फर्क पड़ता है इस बात से दो-चार नंबर कम आ जाते, लेकिन अपने को बहुत अनुशासित दिखाने वाले स्कूल प्रबंधन और प्रशासन ने बच्ची को कुछ देर हो जाने कारण स्कूल में प्रवेश नहीं दिया और वह बच्ची प्रश्न पत्र नहीं दे पाई। परिणाम यह रहा कि उस बच्ची की प्रार्थना को स्कूल में किसी ने भी नहीं सुना और अंतत: उसे स्कूल में प्रवेश नहीं दिया गया। बाद में दुखद समाचार मिला कि उस हताश लड़की ने आत्महत्या करके अपनी जान दे दी।

सोचने की बात यह है कि उस लड़की को देरी भी तो स्कूल और घर के रास्ते में सड़क पर लगे जाम के कारण हुई थी, इसका जिम्मेदार किसे माना जाए। साथियों मेरा तमाम प्रशासन और परीक्षा की नीतियां बनाने वाले प्रबंधन समूह से अनुरोध है कि ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा में जरूर प्रवेश दिया जाए। हां उनसे यह पता कर सकते हैं की देरी का कारण क्या रहा और संतुष्ट होकर उस बच्चे को प्रवेश दें, ताकि उसका साल भी खराब न हो और जान देने की बात सोचने से भी वह दूर रहे। ध्यान रहे बच्चे भी इसलिए हताश हो जाते हैं कि पूरे साल की मेहनत रहती है उनके भी सपने होते हैं, वह भी चाहते हैं कि परीक्षा देकर अच्छे नंबर लाकर वह अपने भविष्य के रास्ते पर आगे बढ़ सके। वह 3 घंटे जो परीक्षार्थी को दिये जाते हैं, वह कक्ष में है या बाहर हो उसी के माने जाने चाहिए।

# भारतीय झंडा संहिता का पालन किया जाये- डीएम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज, भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिरूप है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के लिए प्रेम, आदर ओर निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि सरकारी, अर्द्धसरकारी तथा आमजन की जानकारी के लिए भारतीय झंडा संहिता-2002 में निहित दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका सम्मान एवं अनुपालन करना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि भारतीय झंडा संहिता, 2002 को 30 दिसंबर, 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया और पॉलिएस्टर के कपड़े से बने एवं मशीन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय ध्वज की अनुमति दी गई। अब व्यवस्था है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए या मशीन द्वारा निर्मित, सूती/पॉलिएस्टर/ऊनी/सिल्क/खादी के कपड़े से बनाया गया हो। जनता का कोई भी व्यक्ति, कोई भी गैर-सरकारी संगठन अथवा कोई भी शिक्षा संस्था राष्ट्रीय झंडे को सभी दिनों और अवसरों, औपचारिकताओं या अन्य अवसरों पर फहरा/प्रदर्शित कर सकता है, बशर्ते राष्ट्रीय झंडे की मर्यादा और सम्मान का ध्यान रखा जाये।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय झंडे का आकार आयताकार होगा। यह किसी भी आकार का हो सकता है परन्तु झंडे की लम्बाई ओर ऊंचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3:2 होगा। जब कभी राष्ट्रीय झंडा फहराया जाये तो उसकी स्थिति सम्मानजनक और पृथक होनी चाहिए। फटा हुआ और मैला-कुचैला झंडा प्रदर्शित नहीं किया जाये। झंडे को किसी अन्य झंडे अथवा झंडों के साथ एक ही ध्वज-दंड से नहीं फहराया जाये। राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल आदि के सिवाय झंडे को किसी वाहन पर नहीं फहराया जायेगा। किसी दूसरे झंडे या पताका को राष्ट्रीय झंडे से ऊंचा या उससे ऊपर या उसके बराबर में नहीं लगाना चाहिए।

# कार चालक के खिलाफ़ लिखाई रिपोर्ट दर्ज

## टक्कर से स्कूटी सवार की हो गई थी मौत


मृतक मौ. जाहिर का फोटो।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** स्कूटी व कार की भिड़ंत में मौत का शिकार हुए स्कूटी सवार के भाई ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ग्राम मानियावाला निवासी मौ. इमरान पुत्र मौ. ताहिर ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसका भाई मौ. जाहिर व अफजलगढ़ के मोहल्ला नेजो सराय निवासी अब्दुल सत्तार बीते गुरुवार को स्कूटी द्वारा भिक्कावाला जा रहे थे कि बादीगढ़-कल्लूवाला मार्ग पर कल्पना फॉर्म के पास सामने से आ रही कार के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार दोनों घायल हो गये। इमरान ने बताया कि दोनों घायलों को पीएचसी कासमपुर गढ़ी लाया गया, जहां से दोनों को हायर सेंटर रैफर किया गया। इमरान का कहना है कि हायर सेंटर जाते समय उसके भाई मौ. जाहिर की मौत हो गई जबकि स्कूटी चालक अब्दुल सत्तार का अभी उपचार चल रहा है। थाना रेहड़ प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# खो नदी में कूदे दिनेश को मोटर बोट से ढूंढ रहे पीएसी के गोताखोर



**शेरकोट ( चिंगारी )।** शनिवार की शाम को नेशनल हाईवे पर खो नदी के पुल से पानी में कूदे धामपुर निवासी युवक का 20 घंटे बाद भी पता नही लग पाया। स्थानीय गोताखोरों के बाद आज सुबह से पीएसी के गोताखोरों की टीम मोटरबोट की मदद से युवक की तलाश में जुटी है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

विदित हो कि धामपुर की मुन्नी देवी कॉलोनी निवासी योगेश सैनी 24 वर्ष पुत्र दिनेश सैनी अपनी कालोनी निवासी दोस्त रिंकू के साथ शनिवार की शाम को बाइक से शेरकोट आया था। रिंकू ने बताया कि जब वे नेशनल हाइवे पर स्थित नए पुल पर पहुंचे, तो योगेश ने अचनाक बाइक से उतरकर खो नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान रिंकू ने बाइक से उतरकर उसे बचाने की कोशिश की, परन्तु वह पानी के तेज बहाव में बह गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नदी में कूदने के बाद युवक पानी में कुछ दूर तक तो बहता हुआ दिखाई दिया, उसके बाद पानी में समा गया। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार व सीओ आलोक सिंह मौके पर पहुंचे और गोताखोरों से युवक को तलाश कराया, परंतु देर शाम तक उसका पता नहीं लग पाया। रिंकू की सूचना पर पहुंचे युवक के पिता दिनेश सैनी ने बताया कि योगेश उनका बड़ा पुत्र था। वे मज़दूरी पर डीजे बजाने का काम करता था। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व उसकी शादी धामपुर के मौहल्ला बाड़वान में हुई थी। पत्नी से विवाद होने पर उसने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा कर दिया था, जो अभी तक चल रहा है। दिनेश ने बताया कि उनके पुत्र का कल दोपहर डीजे मालिक विनित से पैसों के लेनदेन को लेकर झगड़ा हुआ था। वह शाम चार बजे घर से आया था। कुछ देर बाद उन्हें घटना की सूचना मिल गई। मौके पर पहुंचे सीओ आलोक सिंह ने थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आज सुबह से पीएसी के गोताखोर मोटरबोट की मदद से युवक को खो बेराज से निकली पोषक नहर में तलाश कर रहे हैं। दोपहर तक उसका पता नहीं लग सका।

# शिक्षिका करुणा चौहान ‘मातृभाषा रत्न मानद उपाधि’ से सम्मानित



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को क्षेत्र, जिला, मंडल व प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल कराकर उन्हें ऊंचाइयों तक ले जाने वाली अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के संविलियन विद्यालय नारायणवाला की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका करुणा सिंह चौहान को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर मातृभाषा हिंदी के लिए सराहनीय कार्यों के दृष्टिगत शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान से विभूषित किया गया है। करुणा सिंह को यह सम्मान पत्र संस्था के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु व चयन समिति प्रमुख मंजू खरे द्वारा ई- डिजिटल माध्यम से प्रदान किया गया है। इससे पूर्व डॉ. यादवेंद्र नाथ मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा उत्तराखंड राज्य के रुड़की में गत 11 जनवरी को आयोजित पंचम अखिल भारतीय शैक्षिक विमर्श एवं शिक्षक सम्मान समारोह में भी करुणा सिंह चौहान को टीचर्स आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया था जबकि इससे पूर्व भी वह कई सम्मानित मंचों पर अनेक संगठनों द्वारा अलंकृत की जा चुकी हैं।

# शत-प्रतिशत रहा वीर कुंवर कालेज ऑफ फार्मेसी का परीक्षाफल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** डा.एपीजे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ द्वारा बी.फार्मा विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.फार्मा पंचम सेमेस्टर के छात्र यश शर्मा ने 70.60 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अक्षय ने 68.60 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं मौहम्मद ज़की ने 67.10 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.फार्मा सप्तम सेमेस्टर की छात्रा पारिसा ने 77.42 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अनिल कुमार ने 77 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं अलाफिया सैफी ने 75.85 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# होली से पूर्व खाद्य विभाग ने चलाया अभियान

## खोया व पनीर सहित 8 नमूने लिये



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया तथा संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र कर जांच हेतु भेजे गये। तहसील नजीबाबाद एवं चाँदपुर क्षेत्र में चलाए गए इस अभियान के दौरान कुल 8 नमूने संग्रहित किये गये। इनमें दूध के 3 नमूने, सरसों तेल का 1 नमूना, पनीर का 1 नमूना, खोया के 2 नमूने तथा बूंदी के लड्डू का 1 नमूना शामिल है। सभी नमूनों को विधिवत सील कर रासायनिक परीक्षण के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला को प्रेषित कर दिया गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह ने स्पष्ट कहा कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यदि किसी भी नमूने में मिलावट पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य आमजन को होली जैसे पर्व पर शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। अभियान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह सहित खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुपम यादव, डी.के. वर्मा, शम्भू दयाल एवं नरेश कुमार आदि शामिल रहे।

# सर्राफा कारोबारियों पर, जीएसटी विभाग की पैनी नज़र

## 50 कारोबारियों को जारी किया जायेगा लुक आउट नोटिस

**बिजनौर (चिंगारी)।** जीएसटी विभाग की इस आशंका से कई सर्राफा कारोबारी वेल्यू एडिशन पर देय टैक्स का सही भुगतान नहीं कर रहे, कारोबारियों की नींद उड़ी हुई है। आशंका के मद्देनजर विभाग ने जांच की प्रक्रिया तेज कर दी है और करीब 50 कारोबारियों को लुक आउट नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है।

विभाग ने सर्राफा कारोबार से जुड़े दस्तावेजों और लेन-देन का बारीकी से परीक्षण शुरू कर दिया है। कई प्रतिष्ठानों का कारोबार बड़ा है, लेकिन उसके अनुपात में टैक्स जमा नहीं किया जा रहा। उल्लेखनीय है कि जनपद में करीब 100 सर्राफा कारोबारी जीएसटी विभाग में पंजीकृत हैं। इनमें से कई कारोबारी छोटे स्तर से लेकर बड़े स्तर तक व्यापार करते हैं। विभाग का कहना है कि कारोबार की वास्तविक स्थिति और दाखिल रिटर्न में अंतर की शिकायतें भी सामने आई हैं, जिनकी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि जिले में कई सर्राफा कारोबारी ऐसे हैं जिनका वार्षिक कारोबार लगभग 40 लाख रुपये से लेकर 70 करोड़ रुपये तक पहुंचता है। इतनी बड़ी आर्थिक गतिविधि के बावजूद वेल्यू एडिशन पर टैक्स भुगतान में अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। इसी वजह से विभाग ने संबंधित फाइलों को खंगालना शुरू कर दिया है।

प्रारंभिक जांच में कई संदिग्ध मामले सामने आए हैं। विभाग अब करीब 50 सर्राफा कारोबारियों को लुक आउट नोटिस जारी करने की तैयारी में है। इन नोटिसों के माध्यम से कारोबारियों से उनके व्यापार, खरीद-बिक्री और टैक्स भुगतान का पूरा विवरण मांगा जाएगा। यदि जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो आगे की कार्रवाई भी की जा सकती है।

विभाग की सख्ती की खबर से सर्राफा बाजार में हलचल मची है। कई कारोबारी अब अपने दस्तावेज और रिटर्न की जांच करने में जुट गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि वे नियमों के अनुसार काम करते हैं, लेकिन विभाग की जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि विभाग की जांच आगे बढ़ती है तो आने वाले दिनों में कई और बड़े खुलासे भी सामने आ सकते हैं। फिलहाल विभाग पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और आवश्यक कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी राजीव आर्थर का कहना है कि टैक्स चोरी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कारोबारियों को नियमों के अनुसार रिटर्न दाखिल करने और सही टैक्स जमा करने के निर्देश दिये गये हैं। यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुत्र की हत्या करने वाले पिता को उम्रकैद



**बिजनौर (चिंगारी)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायालय न्यायाधीश पोक्सो एक्ट प्रकाशचंद्र शुक्ला ने शराब पीने के दौरान हुए झगड़े में पुत्र की चाकू से हमला कर हत्या करने के मामले में पिता चतर सिंह को दोष सिद्ध पाकर आजीवन कारावास और एक लाख एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार चौहान के अनुसार चंद्रावती पत्नी अक्षय निवासी मोहल्ला काशीराम कॉलोनी बैराज रोड थाना कोतवाली शहर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 /11 नवंबर 2024 की रात्रि में उसका पति अक्षय, ससुर चतर सिंह, सास राजेश्वरी, ननद रीना और जेठानी दीपा घर पर मौजूद थे। इसी दौरान उसका पति अक्षय और ससुर चतर सिंह शराब पीकर झगड़ा करने लगे। झगड़े के दौरान चतर सिंह ने चाकू से अक्षय पर हमला कर दिया। चाकू के वार से अक्षय गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में अक्षय को जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी दौरान चतर सिंह को परिजनों ने चाकू के साथ मौके से पकड़ लिया और उसे थाने ले जाकर पुलिस को सौंप दिया और उसके खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रकाशचंद्र शुक्ला ने चतर सिंह को अपने पुत्र की हत्या में दोषसिद्ध पाकर सजा सुनाई है।

# विधायक ओमकुमार ने दिया नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद

**नहटौर (चिंगारी)।** विकास खण्ड आंकू, नहटौर के अन्तर्गत यहां एक बैंकट हॉल, नहटौर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक ओमकुमार ने नवयुगल जोड़ों को आशीर्वाद दिया।



इस अवसर पर पूर्ण विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवयुगल वैवाहिक बंधन में बंधे। विधायक ओम कुमार ने अपनी धर्मपत्नी शोभा रानी (जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा बिजनौर) एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य नागरिकों के साथ सभी नवदंपतियों को सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। अपने संबोधन में विधायक ओम कुमार ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित यह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत कल्याणकारी सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से कन्याओं के विवाह को सम्मानपूर्वक सम्पन्न कराने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी जा रही है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष भाजपा वैभव गोयल, राकेश सैनी, पीयूष चौहान, विनीता शर्मा, अंकज, वरुण प्रताप 'हनी' प्रधान, प्रताप सिंह (बीडीओ नहटौर), एडीओ दीनदयाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बस चालक व परिचालक से मारपीट करने वाले पांचों आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर से चांदपुर जा रही रोडवेज बस में महिला परिचालक से छेड़छाड को लेकर हुए विवाद में चालक-परिचालक के साथ मारपीट करने वाले पांचों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को सुबह 10:15 बजे रोडवेज बस बिजनौर से चांदपुर के लिए रवाना हुई थी। बस में चालक हेमंत तथा परिचालक रशीदा थी। रामलीला ग्राउंड बिजनौर के पास से बस में पांच युवक सवार हुए थे। आरोप है कि महिला परिचालक रशीदा से छेड़छाड को लेकर युवकों का विवाद हो गया था। परिचालक द्वारा समझाने का प्रयास करने पर आरोपियों ने उनके साथ बदतमीजी की थी। चालक हेमंत कुमार द्वारा चांदपुर की चुंगी पर बस रोककर विरोध करने पर आरोपियों ने चालक के साथ भी मारपीट की थी और मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर चार युवकों को हिरासत में लिया था, जबकि एक आरोपी फरार हो गया था। बाद में फरार आरोपी को भी पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू उर्फ अफजल पुत्र रईस अहमद निवासी मोहल्ला चाहशीरी बिजनौर, वसीम पुत्र हसीनुद्दीन, फैजान पुत्र फरीद अहमद, जावेद पुत्र फरीद निवासीगण लड़ापुरा, बिजनौर तथा फैजान पुत्र पहाड़ी निवासी बुल्ला का चौराहा बिजनौर शामिल हैं। शहर कोतवाल ने बताया कि पांचों आरोपियों को शनिवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# बरकातपुर मिल के मालिक के पुत्र ने कृषि फार्म पर चलाया ट्रैक्टर

## प्लाऊ व सबसॉयलर से जुताई के लाभ बताये



क्षेत्रीय कृषकों व नरपत सिंह राठौर के साथ जय अदलखा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बरकातपुर चीनी मिल के मालिक के पुत्र जय अदलखा ने कृषकों को रेड रॉट एवं अन्य रोगों से गन्ना फसल को बचाने एवं उत्पादन बढ़ाने के गुर बताये। उन्होंने कृषि फार्म पर स्वयं ट्रैक्टर चलाकर खेत को तैयार किया तथा कृषकों को प्लाऊ एवं सबसॉयलर से जुताई के लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

उत्तम शुगर मिल्स प्रशासन का कहना है कि प्रदेश में गन्ना उत्पादन तथा चीनी रिकवरी में भरपूर योगदान देने वाली गन्ना प्रजाति सीओ- 0238 में गन्ने की बीमारी (गन्ने का कैंसर) रेड रॉट आने के कारण इस वर्ष गन्ने के उत्पादन में काफी ज्यादा तेजी से गिरावट आई है। जिस कारण चीनी मिलों को तो आर्थिक क्षति हुई है, किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। गन्ने को रेड रॉट से बचाये रखने तथा गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिये उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर में गन्ने की एक आंख से पौध तैयार करने का वृहद स्तर पर कार्यक्रम शुरू किया गया है। मिल के सीएमडी राजकुमार अदलखा के पुत्र जय अदलखा द्वारा चीनी मिल के कृषि फार्म पर स्वयं सबसॉयलर एवं एम. बी. प्लाऊ चलाकर खेत की जुताई कर खेत को तैयार किया गया। उन्होंने गन्ने में आ चुकी रेड रॉट बीमारी से किसानों की पैदावार को बचाने एवं उत्पादन बढ़ाने हेतु कृषकों को भूमि उपचार, बीज उपचार, सहफसली खेती, हरी खाद की फसल उगाने, गन्ने की पत्तियों को काटकर खेत में सड़ाने, गहरी जुताई करने, रोगों से बचाव के लिये ट्राईकोडर्मा के प्रयोग, कीटों से बचाव के लिये लाइट एवं फोरमैन ट्रैप लगाने तथा ट्रेंच विधि से गन्ना बुआई करने की सलाह दी। अपने बीच मिल मालिक के पुत्र को पाकर तथा उन्हें स्वयं खेती करते देखकर कृषक प्रफुल्लित हो उठे। उत्तम ग्रुप के अधिशासी निदेशक शंकरलाल शर्मा ने बताया कि गन्ना फसल को कीट एवं बीमारी से बचाये रखने हेतु अनुदान पर सभी प्रकार के कीटनाशक एवं खाद दिये जा रहे हैं। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि गन्ने की फसल में सल्फर एवं माइक्रो न्यूट्रेंट का प्रयोग भी करें।



कृषि फार्म में ट्रैक्टर से जुताई करते जय अदलखा

### 12 फरवरी तक खरीदे गन्ने का भुगतान किया

**मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने कहा कि चीनी मिल ने 12 फरवरी, 2026 तक का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है और भविष्य में भी भुगतान यथाशीघ्र किया जायेगा। उन्होंने कृषकों से अपील करते हुए कहा कि अपना बेसिक कोटा बनाये रखने हेतु अपने समस्त आपूर्ति योग्य गन्ने की सप्लाई चीनी मिल को ही करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी कृषकों का सहयोग चीनी मिल को प्राप्त होता रहेगा तथा वे मिल को साफ छिला हुआ, ताजा तथा अगौला एवं पत्ती रहित गन्ना ही आपूर्ति करेंगे।**

# बाजारों में मंदी की मार, हाथ पर हाथ धरे बैठे दुकानदार

## बिक्री न होने से छोटे व्यापारी के सामने संकट के बादल

नौशाद मुल्तानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के बाजारों में मंदी के चलते अब छोटे दुकानदार के सामने दो वक्त की रोटी जुटाना भी काफी दुश्वार होता जा रहा है। रोज कुआं खोद कर पानी पीने वालों के सामने संकट के बादल है। पहले से ही आर्थिक मंदी के चलते वर्तमान समय में अधिकांश लोगों को अपना खर्च चलाना काफी मुश्किल पड़ रहा है। इसी बीच गरीब पर लगातार महंगाई की मार पड़ रही है। तेल, घी, दालों के साथ सब्जी व फल के लगातार दाम बढ़ रहे हैं। तेजी से बढ़ती महंगाई व घटते कारोबार के चलते आम आदमी के लिए अब दो वक्त की रोटी जुटाना भी काफी मुश्किल काम हो गया है। बाजार के यह हालात होते जा रहे हैं कि मंदी के चलते छोटा दुकानदार अपने घर के रोज का खर्च भी दुकान से नहीं निकाल पा रहा हैं। काफी संख्या में दुकानदारों के पास बहुत कम ग्राहक सामान खरीदने के लिए पहुंच रहे है। जिससे वह अपने दुकान के काम में लगी पूंजी को परिवार के जरूरी खर्च पूरे करने के चक्कर में थोड़ा-थोड़ा खा रहा है। इस कारण दुकानदारों की दुकानें खाली होती जा रही हैं। इसका सबसे बड़ा कारण दुकानदार लगातार ऑन लाइन को बढ़ावा मिलने तथा मॉल आदि में बाजारों से काफी कम रेट पर सामान बेचे जाना बता रहे है। छोटे दुकानदार सारे दिन ग्राहक की इंतजार में हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते है। बाजार की स्थिति सही न होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन शहर में आकर रोज कुआं खोद कर मजदूरी करने वाले लोगों की मजदूरी न लगने से वह अपने परिवारों के लिए दो वक्त की तो क्या एक वक्त की रोटी भी नहीं जुटा पा रहे है। रोज मजदूरी न मिलने से वह रोटी व सब्जी के लिए पैसे का प्रबंध नहीं कर पा रहे है। जिससे गरीब परिवारों के सामने दो वक्त की रोटी का भी संकट पैदा होता जा रहा हैं। गरीब को बड़ी मुश्किल से जुगाड़ कर अपने परिवार की रोटी जुटानी पड़ रही है।



फाइल फोटो।

## गरीबों के पास दवा के लिए भी पैसे नहीं

**नजीबाबाद। लगातार महंगाई बढ़ने व व्यापार एवं मजदूरी घटने से दिहाड़ी मजदूर, छोटे दुकानदार, हैल्पर, रिक्शा पोलर, रेहड़ी व फड़ वालों के सामने संकट बढ़ता जा रहा है। ऐसे गरीब लोगों के सामने परिवार चलाना बेहद मुश्किल ही नहीं नामुमकिन सा हो गया है। क्योंकि ना तो उनके पास दवा के पैसों का प्रबंध है ना ही अब दो वक्त की रोटी का वह जुगाड़ कर पा रहे है।**

### काफी गरीबों को एक वक्त की रोटी से काम चलाना पड़ रहा

**नजीबाबाद। बहुत से गरीब परिवार सुबह को एक कप चाय पीने के बाद शाम तक एक वक्त की रोटी से ही अपना काम चला रहे हैं। काफी संख्या में गरीब लोग अपनी इज़्ज़त की खातिर किसी से मदद की गुहार ना लगाकर जोड़-तोड़ से ही दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर पा रहे हैं। जिससे उनका जीवन अंधकारमय बनता जा रहा है।**

# मंडावली में खालिद-तालिब के तीन स्टोन क्रेशरों पर गिरी गाज

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशन में बिजनौर के खालिद-तालिब के मामले में बरेली से खनन सीनियर सर्वेयर दिनेश कुमार, खनन निरीक्षक सुनील कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार अमित कुमार की राजस्व टीम ने मंडावली क्षेत्र के श्यामीवाला में ताज स्टोन क्रेशर व नारायणपुर रतन में सुपर स्टोन क्रेशर, सागर स्टोन क्रेशर पर पहुंचकर जांच की। जांच में कई कमियां पाई गई। जिस पर खालिद-तालिब के तीनों स्टोन क्रेशरो को सील कर दिया गया। हुमा समद पत्नी मोहम्मद तालिब मौहल्ला चाहशीरी बिजनौर के नाम से श्यामीवाला स्थित ताज स्टोन क्रेशर व नारायणपुर स्थित सुपर स्टोन क्रेशर पंजीकृत है। वही नारायणपुर स्थित सागर स्टोन क्रेशर मोहल्ला तराई शेरकोट निवासी आफाक के नाम से पंजीकृत हैं। तीनों स्टोन क्रेशर से स्टॉक व अन्य कई कमियां पाई जाने के मिलते क्रय व विक्रय पर रोक लगाते हुए नारायणपुर सुपर स्टोन क्रेशर का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बिजनौर के चर्चित खालिद-तालिब के प्रकरण में पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने 19 फरवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कार्रवाई कराने की मांग की थी जिसके बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। बताया जाता है कि बिजनौर में खालिद तालिब की अवैध कॉलोनियों पर भी शिकंजा कसा जायेगा।**

# कवयित्री कविता नामदेव मातृभाषा रत्न सम्मान से सम्मानित



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद निवासी कवयित्री कविता नामदेव को नेपाल की राजधानी काठमांडू में मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया। यह गरिमामयी सम्मान नेपाल की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा प्रदान किया गया। समारोह का उद्देश्य नेपाल-भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण व हिंदी-नेपाली जैसी मैत्री भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ देश-विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार एवं शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर नेपाल, भारत सहित पाँच देशों की लगभग एक हजार साहित्यिक एवं शैक्षिक प्रतिभाओं को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि तथा मातृभाषा गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इसी क्रम में कविता नामदेव को उनके उल्लेखनीय साहित्यिक, शैक्षिक एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया। कविता नामदेव के अनेक सांझा संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। वे विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं और इससे पूर्व भी उन्हें अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। कविता नामदेव के इस सम्मान पर उनके शुभचिंतकों, मित्रों एवं साहित्यप्रेमियों ने उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' उत्सव का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। बीआरसी कार्यालय नजीबाबाद में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल एवं खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता द्वारा सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। एआरपी डॉ. राहुल वर्मा द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए गए एवं सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर संचालित समस्त सरकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी बाल वाटिका, प्री नर्सरी को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों एवं संकुल शिक्षकों द्वारा सुंदर कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई एवं पुरस्कार स्वरूप सभी बच्चों को किट एवं शील्ड प्रदान की गई। बीआरसी कार्यालय नजीबाबाद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एआरपी डॉ. राहुल वर्मा, सूची राणा, सुनील शर्मा, शिवम कुमार, मनीराम, मंजू, हुमा, हर्षा पाल, मोबिन हसन, दिलशाद, पीतांबर सिंह, राजकुमार वर्मा, बृजेश कुमार, नरेश कुमार, इंदु वर्मा, सुनीता, दीपक महिंद्रा, आंगनबाड़ी अध्यक्ष गजाला, नवनीत आर्य आदि का सराहनीय योगदान रहा।




कार्यक्रम में अतिथिगण द्वारा सम्मानित किये गये बच्चे।

# कीड़े कर रहे परेशान, दुपहिया वाहनों पर सफर करना नहीं आसान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** इस समय वातावरण में भारी संख्या में उत्पन्न हुए सूक्ष्म कीटों के कारण दुपहिया वाहनों पर चलना मुश्किल हो रहा है। ये सूक्ष्म कीट आंख में बहुत जल्दी गिर जाते हैं और जलन पैदा करते हैं। कई बार आंख में ज़ख्म भी हो जाता है। इस समय प्रकृति का श्रृंगार हो रहा है। खेतों में पीली सरसों लहलहा रही है, पेड़ों पर नई कोंपलें, नये पत्ते आ रहे हैं, आम के पेड़ों पर बौर आ रहा है तथा विभिन्न किस्म के फूल खिल रहे हैं। इस समय प्रकृति की सुंदरता देखते ही बनती है। लेकिन सरसों के फूल, आम के बौर, गेहूं पर दाना बनने की प्रक्रिया के चलते वातावरण में सूक्ष्म कीट भी भारी संख्या में पैदा हो गये हैं। रास्तों में ये सूक्ष्म कीट बड़ी संख्या में मंडराते रहते हैं। इन सूक्ष्म कीटों के कारण दुपहिया वाहनों से चलना विशेषकर शाम के समय चलना बड़ा मुश्किल हो रहा है। ये कीट तुरंत ही आंख में गिर जाते हैं, इससे चालक को बहुत ज्यादा परेशानी होती है। ये कीट आंख में गिरने पर काफी जलन पैदा करते हैं। चालक कुछ देर के लिये बेहाल हो जाता है। कई बार ये कीट आंख में ज़ख्म भी पैदा कर देते हैं। चश्मा लगाये बिना या शीशे वाला हेलमेट लगाये बिना दुपहिया वाहन पर चलना सूक्ष्म कीटों के लिहाज से खतरनाक साबित हो सकता है।

## शीशे वाला हेलमेट लगायें

*चिकित्सकों का कहना है कि सूक्ष्म कीट आंख में गिर जाये और व्यक्ति आंख मल दे, तो आंख में घाव हो जाता है। चिकित्सकों के अनुसार ये कीट आंख को काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं। कीटों से बचने के लिये दुपहिया वाहन चालकों को चिकित्सकों की निम्नलिखित सलाह हैं -*



- दुपहिया वाहन चलाते हुए आंखों पर चश्मा लगायें या शीशे वाला हेलमेट लगायें।
- यदि कोई कीट गिर जाये, तो आंख को मलें नहीं। जितना जल्दी हो सके, आंख को पानी से अच्छी तरह धुलें।
- यदि आंख में घाव हो जाये, तो चिकित्सक की सलाह से आई ड्रॉप डालें।

## बेसुरा राग अलाप रहे मच्छर

*सर्दी अब सुबह-शाम की ही रह गई है। दिन में मौसम गर्म होने लगा है तथा दोपहर को अब धूप का सामना नहीं होता है। कड़ाके की ठंड गई और मौसम में हल्की गर्माहट आई, तो मच्छरों ने भी बेसुरा राग गाना शुरू कर दिया है। मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रात को व्यक्ति सोने के लिये बिस्तर, चारपाई पर लेटते हैं, तो मच्छर भी भिन्न-भिन्न करने लगते हैं। नालों के आसपास तथा गंदगी वाले स्थानों के समीप तो मच्छर बहुत ज्यादा पैदा हो गये हैं। लोगों का कहना है कि मच्छरों का अभी से यह हाल है, तो आगे को क्या होगा ? जबकि गांवों में मच्छरनाशक दवा छिड़कने की केवल औपचारिकता पूरी की जाती है।*



## सड़क हादसे में घायल हुये पत्रकार डा. भानुप्रकाश

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा. भानुप्रकाश वर्मा शनिवार को एक सड़क हादसे में घायल हो गये। वह सुबह सवेरे अपनी मोपेड से सब्लदपुर रेहरा गांव में अपने प्रतिष्ठान पर जा रहे थे। जैसे ही उन्होंने बस स्टैंड पर सड़क पार की अचानक चांदपुर की ओर से तेज गति से आ रहे एक बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। सड़क हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए और मोपेड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



भानूप्रकाश वर्मा

# छात्राओं ने रैली निकालकर नशामुक्त भारत का आह्वान किया



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** एसपी कॉलेज तिगरी के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के प्रबंधक राहुल बंसल ने विधिवत फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर के प्रथम दिवस में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गई। छात्राओं द्वारा रैली निकालकर नशा मुक्त भारत का आव्हान किया गया। इस दौरान नशे से होने वाली बीमारियों एवं जनहानि के बारे में सभी को अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक राहुल बंसल ने स्वयंसेवकों का राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. अंबिका बंसल ने स्वयंसेवकों को कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम में संगीता सिंह, जितेंद्र सिंह, कपिल शर्मा, गुरदीप सिंह, आसिफ मंसूरी आदि प्रवक्ता के अलावा नमन सैफी, हिमांशु कावेरी, उमरा, प्राची, अमन, अंकित, अक्षत, आर्यन, गौतम, कृष्णा आदि स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# जेपी पब्लिक स्कूल में हुई प्रतिभा खोज परीक्षा का परिणाम घोषित

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल, धनौरा रोड, चांदपुर में हाल ही में आयोजित प्रवेश सहप्रतिभा खोज परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। यह परीक्षा कक्षा 1 से कक्षा 8, 9,11 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिणामों के अनुसार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय दिया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। कक्षा-वार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी कक्षा प्रथम से कनक ने 90 प्रतिशत, तन्वी 90 प्रतिशत, याशिका 95 प्रतिशत (शीर्ष प्रदर्शन), सारा 85 प्रतिशत व चारुल 80 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय में सानिध्या ने 85 प्रतिशत, काव्या 80 प्रतिशत, कक्षा तृतीय से सिया ने 95 प्रतिशत (शीर्ष प्रदर्शन), हैप्पी 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही यह भी कहा गया कि जो विद्यार्थी इस बार चयनित नहीं हो सके, वे निराश न हों, बल्कि इसे सीख मानकर आगे और बेहतर प्रयास करें। विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतिभा निखारने वाली गतिविधियां आयोजित करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों को अपनी योग्यता पहचानने का अवसर मिलता रहेगा।

## युवती ने चार युवकों के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक युवती ने गांव के ही चार युवकों पर उसको परेशान करने तथा उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए आरोपी युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अपने गांव के ही चार युवकों पर पिछले 6 माह से आते-जाते उसका रास्ता रोकने तथा छेड़छाड़ करने तथा उसको बदनाम करने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विशाल, प्रिंस, यक्ष व रिहान्श के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# शिक्षणेत्तर कर्मचारी बाहों पर काली पट्टी बांधकर कर रहे परीक्षा कार्य

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षकों की भांति कैशलैस चिकित्सा सुविधा से वंचित किए जाने के विरोध में प्रदेश संगठन के आवाहन पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का बांह पर काली पट्टी बांधकर परीक्षा कार्य करने का सिलसिला जारी है। शनिवार को भी

## कैशलैस चिकित्सा सुविधा न मिलने तक जारी रहेगा आन्दोलन



माध्यमिक विद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने विरोध जारी रखा। सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रदेश सरकार से राजकीय कर्मचारियों की भांति कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। प्रदेश सरकार माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने का शासनादेश जारी कर दिया, लेकिन शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को इस सुविधा से वंचित कर दिया गया है। प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रदेश संगठन के आवाहन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपने साथ हुई नाइंसाफी से अवगत कराया, वहीं प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, प्रदेश महामंत्री पुंडीर ने प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने की राजाज्ञा जारी करने की मांग शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा मंत्री, उपमुख्यमंत्री, सभापति विधानसभा परिषद से की, जबकि शिक्षक विधायकों ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी संवर्ग को भी चिकित्सा सुविधा देने की मांग की है। लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा आज तक शासनादेश जारी नहीं किया गया है, जिससे प्रदेश का शिक्षणेत्तर कर्मचारी आहत हैं, आक्रोशित हैं। प्रदेश संगठन के आवाहन पर जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा व प्रदेश मंत्री योगेश कुमार की अपील पर जनपद के दर्जनों माध्यमिक विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा के दौरान शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने कैशलैस चिकित्सा सुविधा की मांग को लेकर सरकार के विरोध में बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया। इन विद्यालयों में कार्यरत आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों ने भी इस आंदोलन में काली पट्टी बांधकर अपना समर्थन दिया। जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया बिजनौर जनपद सहित समूचे प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा के दौरान शिक्षणेत्तर व आऊटसोर्सिंग कर्मचारी बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए अपना विरोध प्रकट करते रहेंगे। जनपद के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने शनिवार को भी अपना विरोध जारी रखते हुए काली पट्टी बांधकर परीक्षा कार्य किया।

# हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया स्कूल का वार्षिकोत्सव




विधायक ओमकुमार को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते स्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार।

**हल्दौर ( चिंगारी )।** ग्राम बिलाई स्थित स्कॉलर पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार रहे। शनिवार को स्कूल परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे विधायक ओमकुमार का कॉलेज स्टॉफ व क्षेत्रवासियों ने मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम सराहनीय रहे। मुख्य अतिथि विधायक ओमकुमार ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्त एवं समृद्ध समाज की मजबूत नींव है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को नई ऊंचाइयां प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधक वार्तिक वत्स, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार सहित समस्त शिक्षकगण व स्टॉफ का विद्यालय के सर्वांगीण विकास तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान, दर्पण रावल, शिवम चौधरी, सागर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बीमारी से परेशान किसान ने फांसी लगाकर जान दी

**नगीना ( चिंगारी )।** बीमारी से हार चुके एक किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से उसके परिवार में कोहराम मच गया। नगीना से सटे गांव रामपुरदास उर्फ पटपड़ा निवासी 45 वर्षीय किसान बृजेश कुमार रविवार के तड़के पत्नी व बच्चों को सोता छोड़कर घर से बाहर निकल गया। माना जा रहा है कि घर से निकलते समय ही उसने आत्महत्या करने का मन बना लिया था। तभी उसने घर की कुंडी बाहर से बंद कर दी थी। घर से निकलने के बाद वह गांव में ही एक आम के बाग में गया तथा पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह सवेरे ग्रामीणों की नजर पेड़ से लटके व्यक्ति के ऊपर गई तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपने दोनों गुर्दे खराब होने की वजह से आत्महत्या किए जाने की बात कही है।

# हल्दौर में एक मार्च को लगेगा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी एक मार्च रविवार को वर्मा मैरिज हॉल, हल्दौर पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें चिकित्सक मरीजों की आंखों का चैकअप कर उसी दिन मोतिबिन्द के मरीजों को ऑपरेशन के लिये अपने साथ ले जाएंगें। मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन एक मार्च से पूर्व प्रातः10 बजे से सांय 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करा सकते हैं।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**बरुकी ( चिंगारी )।** यहां इंडियन गैस एजेंसी के पास शनिवार की शाम को कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। बरूकी ओवर ब्रिज के पास इण्डेन गैस एजेंसी के निकट यह हादसा हुआ। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम



मालीवाला निवासी सुहेल पुत्र अतीक और शादाब किसी कार्य से बिजनौर गए थे। वापस लौटते समय जैसे ही उन्होंने ओवरब्रिज पार किया, पीछे से आ रही वैगनआर कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे में बाइक चला रहे सुहेल को गंभीर चोटें आईं, जबकि शादाब को भी चोटें लगीं। राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों को कोतवाली पीएससी भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन सुहेल को एक निजी अस्पताल ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल कार को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

चिंगारी खबर सबसे पहले असर सबसे ज़्यादा


सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान की दिली मुबारकबाद
शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
( आजाद समाज पार्टी कां. )
पूर्व चेयरमैन, झालू न.प. ( बिजनौर )
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
चौथा रोजा : रविवार 22 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:15, शिया 6:25
पांचवा रोज़ा : सोमवार, 23 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:24 शिया 5:17

शहजाद अहमद

# भाकियू की महापंचायत में बड़ी संख्या में शामिल हुये किसान



**स्योहारा ( चिंगारी )।** नूरपुर क्षेत्र में हुई भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत में ब्लाक अध्यक्ष चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में किसान सैकड़ों गाडियों के काफिले के साथ शामिल हुए। चौधरी गजेंद्र सिंह ने बताया कि महापंचायत में किसानों के हितों की बातें हुईं। इस अवसर पर गजराम सिंह, पोखर सिंह, सिन्टू, अमरीश चौधरी, अदयवीर सिंह, वेदप्रकाश, इकरामुद्दीन, महेश यादव, हरिओम, दीपक त्यागी आदि बड़ी संख्या में किसानों ने पंचायत में हिस्सा लिया।

# मिलेनियम में हुई इंटर हाउस प्रतियोगिता

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नजीबाबाद रोड कोतवाली देहात में तृतीय इंटर हाउस ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता चारों सदन के बीच खेली गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सत्येंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। यह प्रतियोगिता ताइक्कांडो कोच रिंकू वर्मा की देखरेख में की गई। इस प्रतियोगिता में नीला सदन ने 10 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक व 6 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर नीला सदन व तृतीय स्थान पर पीला सदन हाउस रहा। सभी विजेताओं को विद्यालय की चेयरपर्सन एवं प्रधानाचार्य ने ट्रॉफी, मेडल व प्रशिक्षित प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। सभी ताइक्कांडो खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंतोष कुमार, बालेश कुमार, अंजलि, अर्शी अबरार, केशव कुमार, रिया, नेहा, गजेय सिंह का विशेष योगदान रहा।




# रामा इंस्टिट्यूट में चार्ट व मॉडल प्रतियोगिता आयोजित




**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, किरतपुर के कला विभाग में अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर चार्ट एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कला विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डब्लेश कुमार, उप प्राचार्य डॉ. रवीश कुमार रहे। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में जज की भूमिका डॉ. सीडी शर्मा एवं श्री निखिल भारद्वाज ने निभाई। कार्यक्रम कला विभाग की मेंटर श्रीमती मंजू जैन एवं विभाग अध्यक्ष रुचि शर्मा के दिशा निर्देशन में कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के प्राध्यापक अरुण प्रकाश, अरुण कुमार एवं एम एस डब्लू विभाग अध्यक्ष श्वेता सरकार का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में बीए तृतीय के सुमित कुमार सिसौदिया एवं बीए प्रथम के हर्षवर्धन संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, बीए तृतीय की अर्फिया अख्तर द्वितीय स्थान एवं बीए प्रथम की नैना और अंजलि संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

# सुरेश चंद्र विश्नोई को श्रद्धांजलि देने वालों का उमड़ा जनसैलाब

**नगीना ( चिंगारी )। बिश्नोई समाज के अग्रणी समाजसेवी सुरेश चंद्र गुप्ता बिश्नोई की अरिष्टी में श्रद्धांजलि देने वालों का जन सैलाब उमड़ा।**

बिश्नोई समाज के अग्रहणी समाज सेवी सुरेश चंद्र गुप्ता ( विश्नोई ) की शनिवार को संपन्न हुई अरिष्टी में क्षेत्र के विश्नोई समाज के लोगों सहित राजनीतिज्ञों, भाजपाइयों, पत्रकारों आदि सभी वर्ग के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अरिष्टी के अवसर पर श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का जमावड़ा लगा रहा।

बता दें कि मौहल्ला विश्नोई सराय निवासी प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन पंजीकृत नगीना के अध्यक्ष डा. रतेंद्र विश्नोई के बहनोई विश्नोई सराय निवासी बिश्नोई समाज के प्रमुख समाजसेवी सुरेश चंद्र विश्नोई (83 वर्ष) का लंबी बीमारी के चलते 10 फरवरी को विश्नोई सराय स्थित निवास पर उनका निधन हो गया था। उनके निधन से बिश्नोई समाज में शोक व्याप्त हो गया था। उनका अंतिम संस्कार बिश्नोई सराय स्थित श्मशान घाट पर बिश्नोई समाज के रीति रिवाज के अनुसार किया गया था। मुखाग्नि उनके पुत्र अनुज विश्नोई ने दी थी। सुरेश चंद्र ने लगभग 35 वर्ष नवीन बिश्नोई मंदिर के बिभिन्न पदों पर रहकर विश्नोई समाज की सेवा की और समाजिक कार्य में कभी किसी को शिकायत का मौका नहीं दिया।





शनिवार को मौहल्ला विश्नोई सराय स्थित उनके आवास पर संपन्न हुई अरिष्टी में बिश्नोई समाज के महंत स्वामी सरणानंद व स्वामी राजेश्वरानंद द्वारा बिश्नोई समाज के रिति रिवाज के अनुसार गुरु जंभेश्वर जंभ वाणी श्लोकों साथ हवन पूजन कराया गया तथा ब्रहम भोज के उपरांत मंदिर मुक्तेश्वर नाथ के पंडित डा. बिपिन चंद्र त्रिपाठी द्वारा रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि देने की रस्म अदा कराई गई। इस अवसर पर नवीन बिश्नोई मंदिर कमेटी अध्यक्ष राजू बिश्नोई, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजली मित्तल, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नीरज विश्नोई सहित भाजपा के सौरभ मित्तल, डा. भुपेश चौहान, रोशन लाल, पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, संजय गुप्ता (लखनऊ) वरिष्ठ पत्रकार मनोज बाल्मीकि, अभय विश्नोई, धर्मेंद्र चौधरी, मुकेश त्यागी, नंदकिशोर, अंकुर कुमार, अक्षय चौहान, कुंवर हर्षवर्धन सिंह आदि पत्रकारों के अतिरिक्त बिश्नोई समाज सहित बड़ी संख्या में अन्य वर्ग के लोग समाजसेवी सुरेश चंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए मौजूद रहे।

## केंद्र सरकार के नेतृत्व में जनजातीय समाज के उत्थान के लिए निरंतर कदम उठाए- धामी

**चमोली ( चिंगारी )।** सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले में आयोजित तीन दिवसीय जनजातीय समागम सम्मेलन के समापन दिवस पर शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जनजातीय संस्कृति की सराहना करते हुए समुदाय के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। जनपद चमोली के बिरही बेड़ू बगड़ में जनजाति समुदाय की ओर से तीन दिवसीय जनजातीय समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन दिवस पर मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से पीपलकोटी पहुंचे। जहां से वे सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक गए। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजे आयोजकों ने गाजे-बाजे की थाप पर पोणा नृत्य करते हुए मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री के समक्ष कई प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें शीतकालीन आवास हेतु भूमि का निस्तारण,भोटिया पड़ाव बेड़ू बगड़ की भूमि को जनजातीय हित में संरक्षित करना,गौरा देवी के नाम पर भोटिया पड़ाव में मूर्ति स्थापना,पर्यावरण संरक्षण आधारित पार्क का निर्माण शामिल हैं। मुख्यमंत्री पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखकर भावुक दिखाई दिए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड की परंपराएं और संस्कृति विश्व में अपनी अलग पहचान रखती हैं।





## निशि ने प्रथम, प्रियांशी ने द्वितीय व स्नेहा ने तृतीय स्थान पाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट नजीबाबाद में बीटेक प्रथम सेमेस्टर के परिणाम में निशि चौहान ने 86.22 प्रतिशत अंक पाकर कक्षा में प्रथम, प्रियांशी अग्रवाल ने 80.22 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व स्नेहा ने 80.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों टॉपर छात्रों ने अपनी इस सफलता के पीछे अपने माता-पिता तथा अपने शिक्षकों का योगदान बताया। शिक्षकों के अनुसार नियमित कक्षा में उपस्थिति व नियमित अध्ययन से इन बच्चों को सफलता हासिल हुई। प्रिंसिपल डॉ. शिवानी चौहान ने छात्रों को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपार संभानाओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं सीखे हुए ज्ञान को अपने व्यावहारिक जीवन में अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, संस्था की प्रिंसिपल डॉ. शिवानी चौहान, कोऑर्डिनेटर श्वेता सिंह एवं संस्था के सभी शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







## नरेंद्र कुमार रवि बसपा के नजीबाबाद विधानसभा के प्रभारी बने

नजीबाबाद ( चिंगारी )। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के आदेश अनुसार नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र का नरेंद्र कुमार रवि को प्रभारी बनाया गया है। नरेंद्र कुमार रवि बहुजन समाज पार्टी के मिशनरी कर्मठ, निस्वार्थ कार्यकर्ता रहे है। वह 1995 से पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2000 से पार्टी के विभिन्न पदों पर रहे हैं। उनकी मेहनत लगन को देखते हुए बहन जी ने उनको विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वह पार्टी में मेहनत से कार्य कर संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे।



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



ATHER

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

एथर इलेक्ट्रिक
असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# इंकाइयों के अर्द्धनग्न प्रदर्शन के खिलाफ भाजपा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** दिल्ली में आयोजित एआई समिट में कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा ने आक्रोश व्यक्त किया है। कहा कि कांग्रेस की यह हरकत भारत की छवि को विश्व पटल पर खराब करने की साजिश है। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ दून मार्ग पर जुलूस निकालते हुए राहुल गांधी का पुतला भी फूंका। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल की अगुवाई में कार्यकर्ता दून मार्ग स्थित सिनेमाघर के बाहर एकत्रित हुये। हाथ में राहुल गांधी का पुतला लेकर आशुतोषनगर तिराहे तक जुलूस निकाला तथा कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। एआई समिट में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन पर नेता प्रतिपक्ष का पुतला फूंका।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली की यह घटना शर्मनाक है। कांग्रेस पूरी तरह से घबरा गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश की धरती पर भारत को अपमानित करते हैं। उनकी पार्टी के युवा कार्यकर्ता अब भारत में इस तरह की करतूतें कर रहे हैं, जिससे भारत की छवि पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। जिला महामंत्री प्रतीक कालिया ने कहा कि भारत की छवि पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में लगातार विश्व पटल पर बढ़ रही है। इससे कहीं न कहीं कांग्रेस विचलित है खुद 70 साल तक देश के विकास के लिए कुछ नहीं करने वाली कांग्रेस की इस तरह की हरकत को बर्दाशत नहीं जाएगा। प्रदर्शनकारियों में भाजपा महिला मोर्चो जिलाध्यक्ष ममता नयाल, मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी, पूर्व राज्यमंत्री संदीप गुप्ता, विनय कंडवाल, राजेश दिवाकर, नितिन सक्सेना, दीपक बिष्ट, राजू नरसिम्हा, उदित जिंदल, शिवकुमार गौतम, कपिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मालिनी वैली कॉलेज में योग शिविर का समापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत शिवराजपुर स्थित मालिनी वैली कॉलेज आफ एजुकेशन में आयोजित दस दिवसीय योग शिविर का समापन हो गया है। इस दौरान आम जन को योग के महत्व के बारे में बताया गया। कहा गया कि हमें रोज सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करना चाहिए। शिविर के अंतिम दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल व कॉलेज के अध्यक्ष योगंबर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ जीवन के लिए योग आवश्यक है। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी जीवन पद्धति है जो हमारे तन, मन और आत्मा को संतुलित रखती है। योग हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, मानसिक तनाव को दूर करता है। साथ ही हमारे भीतर आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। मौके पर बीएड के विद्यार्थियों को अष्टांग योग के बारे में बताया गया। साथ ही गत सेमेस्टर में सर्वाधिक उपस्थिति देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि भी दी गई। इस मौके पर श्वेता रावत, जय वीर सिंह रावत, शोभा रावत, सोनिया ध्यानी, सुनीता नेगी, सोनम रावत, डा. रमाकांत कुकरेती और कुलदीप मैंदोला आदि मौजूद रहे।

## मवाकोट गेंद मेला मैदान में भारत उदय एक्सपो प्रदर्शनी आरंभ

### उद्योग विभाग व स्वयं सहायता समूहों ने लगाये स्टाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत मवाकोट स्थित गेंद मेला मैदान में भारत उदय एक्सपो प्रदर्शनी-2026 आरंभ हो गई है। एक्सपो में उद्योग विभाग सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टाल लगाये गए हैं। एक्सपो का आरंभ मुख्य अतिथि लैंसडाउन विधायक महंत दिलीप रावत ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय उत्पादों को व्यापक मंच प्रदान करते हैं और स्वरोजगार को बढ़ावा देते हैं। ऐसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वोकल फॉर लोकल अवधारणा को साकार करने में सहायक हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्थानीय उत्पादों की खरीद करें और स्वयं सहायता समूहों एवं लघु उद्यमियों को सशक्त बनाएं। एक्सपो में उद्योग विभाग सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाये गये हैं, जिनमें स्थानीय हस्तशिल्प, कृषि एवं उद्यान उत्पाद, खाद्य प्रसंस्कृत सामग्री तथा अन्य पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित एवं विक्रय हेतु उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा भी सूचना स्टॉल लगाए गए हैं, जहां आमजन को संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई जा रही है।

## आगामी कुंभ मेला की तैयारियों के मद्देनजर, सीएम धामी की अध्यक्षता में हुई विशेष बैठक

### अब तक की तैयारियों की समीक्षा की गई

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** आगामी वर्ष होने वाले कुंभ मेले की तैयारियों के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल वसतपाल महाराज तथा अन्य विधायकगण, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शंभू पासवान महापौर, नगर निगम ऋषिकेश ने भी सहभागिता करते हुए कुंभ मेले की तैयारियों को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए कुंभ मेले को ऐतिहासिक, दिव्य और सुरक्षित बनाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुव्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों को समय-सीमा निर्धारित कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी प्रदान किये गये।

## लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनायें अंकिता हत्याकांड की जांच सिटिंग जज की निगरानी में करायें



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को प्रेषित किया ज्ञापन।

### कांग्रेस ने ज्ञापन भेजकर राज्यपाल से की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने और अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराने की मांग की है। इस संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि जनता के लंबे आंदोलन के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में ही लालढांग-चिलरखाल मोटरमार्ग निर्माण पर लगी रोक को हटाया गया है, जिससे अब रोड निर्माण का मार्ग साफ हो गया है। लेकिन इस मार्ग पर आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए जनता अब मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग कर रही है, जिसे पूरा किया जाना चाहिए। वहीं दिवंगत अंकिता भंडारी के माता पिता की यह इच्छा थी कि उनकी बेटी की हत्या की जांच सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआइ द्वारा की जाए, इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा भी अंकिता के माता पिता को आश्वस्त किया गया था, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो पाया है। ज्ञापन में राज्यपाल से इस संबंध में राज्य सरकार को निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में बलबीर सिंह रावत, रमेश खंतवाल, शंकेश्वर सेमवाल, मनवर सिंह रावत, चंद्रमोहन सिंह रावत, वीरेंद्र रावत, महावीर नेगी और प्रेम सिंह पयाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## गढ़वाली व कुमाउंनी भाषा के संरक्षण के लिए भाषा अकादमी गठन की मांग

### धाद लोक भाषा एकांश ने भेजा सीएम को ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** धाद लोक भाषा एकांश के सदस्यों ने प्रदेश की भाषाओं गढ़वाली व कुमाऊंनी के संरक्षण के लिए भाषा अकादमी के गठन की मांग की है। कहा कि इन भाषाओं के संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं। इस संबंध में शनिवार को धाद लोक भाषा एकांश के सदस्यों की ओर से एकांश अध्यक्ष रिद्धि भट्ट के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय सांस्कृतिक विविधता के अंतर्गत उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत का विशिष्ट स्थान है। यहां की संस्कृति को बचाये रखने का सशक्त माध्यम हमारी लोकभाषाएं ही हैं, जिनकी सरकारों द्वारा अब तक उपेक्षा ही की गई है। इसलिए इन भाषाओं के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए भाषा अकादमी का गठन किया जाना चाहिए। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में सचिव राजेश खत्री, उपेंद्र रावत, जगदंबा कोटनाला, महेंद्र जदली, सोहन मैंदोला और ओमप्रकाश आदि शामिल रहे।

### उत्तराखण्ड मुक्त विश्व विद्यालय में प्रवेश होंगे 26 फरवरी तक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में शीतकालीन सत्र मे प्रवेश की अंतिम तिथि को 26 फरवरी 2026 तक विस्तारित किया गया है। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र कोटद्वार की समन्वयक डॉ. राखी डिमरी ने यह जानकारी देते हुये बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक विवि द्वारा संचालित विभिन्न कोर्सो में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया में पहली बार जीती सीरीज



**एडिलेड ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय महिला टीम ने शनिवार को तीसरा टी-20 17 रन से जीतने के साथ ऑस्ट्रेलिया में पहली बार कोई सीरीज जीती है। इससे पहले तक भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारुपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई थी। 2017 के बाद यह पहली बार है, जब ऑस्ट्रेलिया को किसी भी प्रारुप में अपने घर में एक भी सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। इसकी शुरुआत स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स के बीच शानदार साझेदारी से हुई। ऋचा घोष ने भी एडिलेड ओवल में महिलाओं के टी-20 में सबसे बड़ा स्कोर बनाने में शानदार भूमिका निभाई। इसके बाद श्रेयंका पाटिल ने पावर प्ले में दो विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम बुरी तरह लड़खड़ा गया। एश्ले गार्डनर ने थोड़ी देर के लिए मेजबान टीम को उम्मीद दी, लेकिन उनकी 57 रन की पारी बेकार गई। मैच जीतने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, मुझे लगता है कि यह पूरी टीम का प्रयास है। हर कोई बहुत पॉजिटिव है और सच में टीम के लिए कुछ करना चाहता है। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि हर कोई आगे आ रहा है और टीम के लिए योगदान दे रहा है। (स्मृति-जेमिमा की साझेदारी पर) हां, मुझे लगता है कि हर साझेदारी हमारे लिए बहुत जरूरी थी। टीम बैठक में हमने यही बात की थी, कि हमें वहां रहना है। हमें जिम्मेदारी लेते रहना है, उन दोनों ने बहुत बड़ा रोल निभाया और जिस तरह से स्मृति बल्लेबाजी कर रही थी, उससे बहुत खुश हूं, और यह देखकर अच्छा लगा कि जैमी ने भी सही समय पर योगदान दिया।

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

BACHPAN
Exciting beginnings ahead With a name you TRUST
ADMISSIONS OPEN
Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144 Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com

आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS 9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928